दिनांक 29.01.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/ निगम महापौर देवेन्द्र यादव द्वारा आज अपने कक्ष में निगम क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों एवं जन कल्याणकारी योजनाएं, पेयजल, सांसदमद, विधायकमद, पार्षदमद, केन्द्र एवं राज्य परिवर्तित योजनाएं, अमृत मिशन, लोक सुराज अभियान, साफ–सफाई, विद्युत, उद्यान, में किये जाने वाले विकास कार्यों सहित निगम क्षेत्र के वार्डों में स्वयं महापौर के द्वारा वार्ड भ्रमण के दौरान एवं महापौर कार्यालय में प्राप्त गणमान्य नागरिकों के द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में सभी जोन आयुक्त एवं विभाग प्रमुखों की समीक्षा बैठक ली गई।

महापौर श्री यादव ने आज विशेष रुप से बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों को आगामी ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए नागरिकों को पेयजल सरलता से उपलब्ध हो सके और ऐसे वार्ड जहॉ पर पानी की समस्या उत्पन्न होती है ऐसे वार्डों में आप लोग स्वयं निरीक्षण कर उन स्थानों को चिन्हांकित कर लेवें तथा टैंकर के माध्यम से पेयजल वितरण कैसे किया जाना है इसकी कार्य योजना समय पूर्व तैयार करने के निर्देश दिये। महापौर के द्वारा वार्ड भ्रमण के दौरान गणमान्य नागरिकों के द्वारा वार्ड की समस्याओं को लेकर जो आवेदन मुझे सौंपे गये उन आवेदनों को प्राथमिकता के आधार पर आवेदनानुसार समस्याओं का निराकरण करें। अधोसंरचना मद, सांसदमद, विधायक मद एवं आदि मदों से जो विकास कार्य वर्तमान में चल रहे हैं उनकी गुणवत्ता बनीं रहे ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित कर जिन कार्यों के लिए निविदा की आवश्यकता हो उसका प्रस्ताव तैयार करें।

महापौर ने उपस्थित अधिकारियों को सक्त निर्देश देते हुए कहा कि सभी अधिकारी अपने कार्य के प्रति सजगता रखें तथा वार्डों में साफ–सफाई, उद्यान का रखरखाव, विद्युत व्यवस्था ऐसी योजनाएं जो सीधे आम जनता से जुड़ी हो जोनवार वार्डों का निरीक्षण कर चल रहे विकास कार्य एवं प्रस्तावित कार्य के साथ लोक सुराज अभियान के दौरान आम नागरिकों के द्वारा क्षेत्र की समस्याओं को लेकर जो आवेदन प्रस्तुत किये गये है उनकी भी सुक्ष्मता से जांच कर संबंधित विभाग को प्रेषित करते हुए की गई कार्यवाही से मुझे अवगत करावें। महापौर कार्यालय में क्षेत्र के नागरिकों के द्वारा प्रस्तुत आवेदन आयुक्त के माध्यम से संबंधित जोन अधिकारी एवं विभाग प्रमुखों को प्रेषित किया जाता है ऐसे आवेदनों को निर्धारित समय पर निराकरण करें।

बैठक में महापौर परिषद के सदस्य नीरज पाल एवं समस्त जोन के जोन आयुक्त, विभाग प्रमुख एवं अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

जनसम्पर्क अधिकारी